प्रकाशनार्थ

01 अक्टूबर 2025, गोरखपुर

राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत गुरु श्री गोरक्षनाथ ब्लड सेंटर, गोरखपुर द्वारा रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य समाज में स्वैच्छिक रक्तदान के महत्व को बढ़ावा देना एवं ज़रूरतमंद मरीजों को समय पर जीवनदायी रक्त उपलब्ध कराना ।

" रक्त देकर आशा प्रदान करें साथ साथ हम जीवन रक्षा करें।"

Give Blood Give Hope Together We Save Lives

इस अवसर पर ब्लड सेंटर अधिकारी डॉ. अवधेश अग्रवाल ने रक्तदान को “मानवता की सबसे बड़ी सेवा” बताते हुए कहा कि एक यूनिट रक्त से तीन लोगों का जीवन बचाया जा सकता है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे आगे बढ़कर रक्तदान करें और समाज में रक्त की कमी को दूर करने में योगदान दें।

इस रक्तदान शिविर में लगभग 25 स्वैच्छिक रक्तदाताओं ने रक्तदान किया।

रक्तदाताओं को प्रमाणपत्र एवं आभार स्वरूप उपहार प्रदान किए गए।

कार्यक्रम में ब्लड सेंटर की टीम एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई।